MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -1 मंदसौर, 24 जून 2026 बुधवार से 30 जून 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# किसानों को केन में 50 लीटर डीजल देने के निर्देश

## मंदसौर कलेक्टर का आदेश, पंप संचालकों को स्टॉक और बिक्री रिकॉर्ड रखने होंगे अनिवार्य

मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने मंगलवार को जिले के सभी पेट्रोल एवं डीजल पम्प संचालकों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश किसानों को कृषि कार्यों के लिए डीजल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक सेवाओं एवं महत्वपूर्ण शासकीय परियोजनाओं के संचालन में बाधा न आए, इस उद्देश्य से दिए गए हैं।

आदेश के अनुसार, मंदसौर जिले में संचालित पेट्रोल-डीजल पम्पों से शासकीय परियोजनाओं के लिए उच्च वेग डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति करते समय कुछ छूट दी गई है। यह छूट केवल शासकीय विभागों एवं उपक्रमों को सीधे विक्रय की स्थिति में मोटर स्पिरिट एवं उच्च वेग डीजल (खुदरा विक्रय केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय का अस्थायी विनियमन) आदेश-2026 की कंडिका 3(2)



के प्रावधानों से संबंधित है।

### फ्यूज बेचने का रिकॉर्ड मेंटेन करना होगा

किसानों की सुविधा और कृषि कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए आदेश की कंडिका 3(2) के प्रावधानों को शिथिल किया गया है। इसके तहत, निर्धारित पहचान पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, किसानों को प्लास्टिक केनों में प्रति किसान अधिकतम 50 लीटर तक डीजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

कलेक्टर ने सभी पेट्रोल-डीजल पम्प संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे शासकीय विभागों, उपक्रमों, किसानों और अन्य उपभोक्ताओं को किए गए ईंधन विक्रय का रिकॉर्ड निर्धारित पंजी में संधारित करें। यह रिकॉर्ड प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही, सभी पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से चालू अवस्था में रखे जाएं।

### स्टॉक की जानकारी रोज प्रशासन को दी जाएगी

आदेश के तहत, सभी पम्प संचालकों को पेट्रोल और डीजल के दैनिक स्टॉक की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक भी रखना अनिवार्य होगा। इस रिजर्व स्टॉक का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिला आपूर्ति अधिकारी की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन या दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। पेट्रोल और डीजल का विक्रय शासन के प्रचलित नियमों, सुरक्षा मानकों और विधिक प्रावधानों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है। निर्देशों का पालन न करने या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल-डीजल पम्प संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एमपी के शिक्षकों को राहत, ट्रांसफर में मैरिज सर्टिफिकेट अनिवार्यता को लेकर देर रात आदेश जारी कर दी गई ढील, अब वैकल्पिक दस्तावेज दे सकेंगे

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के स्वैच्छिक तबादलों के लिए नई शर्त सामने आई है। विभाग ने पति अथवा पत्नी के कार्यस्थल के निकट स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षक के लिए विवाह का पंजीयन प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया है। वहीं दिव्यांग शिक्षकों से एक साल के भीतर बना दिव्यांगता प्रमाण-पत्र मांगा जा रहा है। विवाह पंजीयन प्रमाणपत्र की अनिवार्यता वाली शर्त पहली बार आई है, ऐसे में अधिकांश शिक्षक आवेदन ही नहीं कर पाए।

कुछ लोग मंगलवार को आवेदन की अंतिम तिथि तक प्रमाण-पत्र बनवाने में जुटे रहे। शिक्षक संगठनों का कहना है कि अधिकांश शिक्षकों की शादी 15 से 20 वर्ष पहले हुई है। उस समय विवाह पंजीयन की व्यवस्था आम नहीं थी। अब अचानक विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र अनिवार्य किए जाने से हजारों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

इस पर लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त अभिषेक सिंह ने मंगलवार देर रात ऐसे शिक्षकों को राहत देते हुए वैकल्पिक दस्तावेज अपलोड करने संबंधी आदेश जारी किया है। इसमें कहा कि विवाह संबंधी दस्तावेज की जगह शिक्षक समग्र कार्ड/सेवा पुस्तिका सत्यापित पृष्ठ या अन्य कोई सुसंगत दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। हालांकि एक वर्ष के भीतर जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र की मांग को लेकर वह शिक्षक परेशान रहे, जिनके पास शासन के नियमों के अनुसार निर्धारित अवधि तक वैध प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं।

बता दें, स्कूल शिक्षा विभाग में स्वैच्छिक तबादलों के आवेदन 20 जून से शुरू हुए, मंगलवार को अंतिम तिथि थी। स्थानांतरण आदेश 28 से 30 जून तक जारी होंगे।

## मंदसौर कांग्रेस चलाएगी छात्रों की गूंज अभियान-25 जून से 9 अगस्त तक शिक्षा सुधार और मंत्री के इस्तीफे की मांग करेगी



मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में युवक कांग्रेस और एनएसयूआई 25 जून से 9 अगस्त तक जिले में छात्रों की गूंज अभियान चलाएगी। यह अभियान नीट पेपर लीक प्रकरण और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर होगा। इस दौरान शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, पेपर लीक माफिया से संबंधों की निष्पक्ष जांच और परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग उठाई जाएगी। यह जानकारी मंगलवार देर शाम जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोटा में छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना था।

# खेत में चल रही थी एमडी ड्रग्स फैक्ट्री: मंदसौर पुलिस ने 14 करोड़ की ड्रग्स जब्त की, दो गिरफ्तार

मंदसौर। की नई आबादी थाना पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ग्राम बाजखेड़ी के निकट खेतों के बीच बने एक कमरेनुमा मकान पर दबिश दी।

यहां से लगभग 14 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 14 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

कार्रवाई के दौरान दो आरोपी भी गिरफ्तार हुए हैं। रैकेट से जुड़े अन्य संदिग्धों को भी पुलिस निगरानी में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का लक्ष्य इस पूरे नेटवर्क और इसकी सप्लाई चेन का खुलासा करना है।

### खेत पर बन रहा था सिंथेटिक ड्रग्स

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नई आबादी थाना क्षेत्र के एक सुनसान इलाके में खेत के बीच बने



मकान में बड़े पैमाने पर सिंथेटिक ड्रग्स का निर्माण किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी बाहर से कच्चा माल खेत पर लाते थे। तैयार माल को जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भी सप्लाई किया जाता था। कार्रवाई में नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर, उप निरीक्षक विनय बुंदेला, उप निरीक्षक विकास गहलोत और शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

### जांच के बाद तय होगी आरोपियों की भूमिका

एसपी विनोद कुमार मीना ने बताया, फिलहाल मौके पर पुलिस की कार्रवाई जारी है और जल्द ही पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद बरामद मादक पदार्थ की वास्तविक मात्रा के साथ-साथ गिरफ्तार आरोपियों और अन्य संदिग्धों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

# संपादकीय

## पेपर लीक ~ सही कारण पकड़ें और सफल उदाहरण से सीखें !

भारत में प्रवेश परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर बार-बार सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में एनईईटी-यूजी 2026 परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया। इससे लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ। एक 'गेस पेपर' में सैकड़ों सवाल असली पेपर से मैच कर गए, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। राजस्थान, बिहार, हरियाणा आदि राज्यों में कोचिंग माफिया और प्रिंटिंग एजेंसियों तक लीक का सिलसिला पहुंचा। पर ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। 2024 में भी एनईईटी विवादों में घिरा था। वहीं, आईआईटी-जेईई जैसी परीक्षाओं का रिकॉर्ड आजतक लगभग बेदाग रहा है। एक बार 1997 में लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर से लीक की खबर आई थी लेकिन उसके बाद सख्त प्रोटोकॉल ने इसे रोका। ऐसा क्यों है कि एक ही देश में कुछ परीक्षाएं दोष रहित रहती हैं और क्यों अन्य परीक्षाएं बार-बार पेपर लीक से निरस्त होती हैं? एनईईटी जैसी परीक्षाओं में लीक का मुख्य कारण मानवीय हस्तक्षेप और कमजोर सुरक्षा है। पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन और परीक्षा केंद्रों तक पहुंच, हर चरण में भ्रष्टाचार की गुंजाइश है। एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) पर बहुत अधिक बोझ है। ऐसे में कई परीक्षाएं आउटसोर्स की जाती हैं, जहां प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस और लॉजिस्टिक्स कंपनियां शामिल होती हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसी स्थिति में पेपर लीक की गुंजाइश को नकारा नहीं जा सकता। गौरतलब है कि एक पेपर लाखों रुपये में बिकता है। जिसके पीछे छात्रों का दबाव, कोचिंग उद्योग का सैकड़ों करोड़ का कारोबार और राजनीतिक संरक्षण पेपर लीक को बढ़ावा देते हैं। वहीं देश में इस अपराध की कानूनी सजा कमजोर है, आरोपी आसानी से जमानत पर बाहर आ जाते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में 70-90 से अधिक पेपर लीक के मामले दर्ज हुए हैं लेकिन किसी भी मामले में किसी बड़े अधिकारी को कोई सजा नहीं सुनाई गई। वहीं एनटीए की 'एड-हॉक' व्यवस्था, संस्थागत स्मृति की कमी और पारदर्शिता की अनुपस्थिति इस समस्या को गहरा बनाती है। ओएमआर शीट्स का इस्तेमाल, डिजिटल ट्रांसिशन में देरी और चेन-ऑफ-कस्टडी की कमी लीक को आसान बनाती है। गौरतलब है कि हमारे देश में ही आईआईटी-जेईई में लीक लगभग नहीं के बराबर होता। इसका कारण स्पष्ट हैं, बहु-स्तरीय सुरक्षा, पेपर सेटिंग आईआईटी प्रोफेसरों द्वारा कैंपस में होती है। कई सेट तैयार किए जाते हैं, जिसमें सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) फॉर्मेट से अंतिम मिनट तक बदलाव संभव होता है। कम आउटसोर्सिंग के कारण ये प्रक्रिया आईआईटी संस्थानों के सीधे नियंत्रण में ही रहती है। जेईई भारत की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है। इसलिए इसमें शामिल लोग अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। इसके साथ ही तकनीकी का पूरा इस्तेमाल किया जाता है जिससे रैंडमाइज्ड प्रश्न, मजबूत एन्क्रिप्शन और सख्त निगरानी की जाती है। जेईई में लाखों छात्र शामिल होते हैं, फिर भी इस पर उनका विश्वास कायम है। यानी कि समस्या परीक्षा के आकार में नहीं, बल्कि प्रबंधन और इरादे में है। भारत अकेला ही ऐसा देश नहीं है जहां बड़े पैमाने पर ऐसी परीक्षाएं होती हैं। चीन का गाओकाओ एक करोड़ तीस लाख छात्र जिसमें बैठते हैं वो दुनिया की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। पर इसमें लीक की घटनाएं नगण्य हैं। पेपर को परमाणु हथियारों जैसा 'टॉप सीक्रेट' माना जाता है। पेपर सेटर्स एक महीने पहले से ही आइसोलेशन में भेजे जाते हैं। पर्चों की प्रिंटिंग जेलों या विशेष सरकारी सुविधाओं में की जाती है जहां फोन संपर्क प्रतिबंधित रहता है। पर्चों का ट्रांसपोर्ट पुलिस और आर्म्ड फोर्सेस, द्वारा एयरटाइट सुरक्षा में किया जाता है। इसके बाद इन पर्चों को आर्म्ड गार्ड्स, 24ङ्ग7 कैमरा निगरानी के साथ सुरक्षित रखा जाता है।

### मन्दसौर में दो हिडन चैंबर में छिपा मिला डोडाचूरा

## सीबीएन ने ट्रक के हिडन चैंबर से निकाली 616 किलो नशे की खेप





मंदसौर। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) मंदसौर ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 616 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा (पॉपी स्ट्रॉ) जब्त किया है। इस मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

सीबीएन ने सोमवार को इस कार्रवाई का खुलासा किया। ब्यूरो को मिली विशिष्ट गुप्त सूचना के आधार पर सीबीएन मंदसौर द्वितीय खंड और पी एंड आई सेल की संयुक्त टीम ने मल्हारगढ़ और पिपलियामंडी के बीच एक फ्लैटबेड ट्रक को रोका। मौके पर विस्तृत तलाशी संभव न होने के कारण ट्रक और चालक को सीबीएन कार्यालय, मंदसौर लाया गया।

**ट्रक में बने थे दो गुप्त कक्ष**

कार्यालय परिसर में ट्रक की गहन जांच के दौरान फ्लैटबेड के निचले हिस्से और चालक के केबिन के पीछे विशेष रूप से बनाए गए दो गुप्त कक्ष (हिडन चैंबर) मिले। इन कक्षों में छिपाकर रखे गए 67 प्लास्टिक कट्टों से कुल 616 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया। सीबीएन अधिकारियों के अनुसार, चालक के केबिन के पीछे बने गुप्त कक्ष से कट्टों को बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण था। टीम ने लोहे काटने की मशीन मंगवाकर गुप्त कक्ष को काटा और उसमें छिपाई गई पूरी खेप को बाहर निकालकर जब्त किया। बरामद डोडाचूरा और उसे परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार ट्रक चालक के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**नेटवर्क की जांच जारी**

सीबीएन ने बताया कि मामले की जांच जारी है और इस अवैध तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।


ट्रैवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान
डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268





प्रो-टीयू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड
हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।

चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# गांधीसागर जंगल में लापता युवती का मिला कंकाल

## हत्या की आशंका पर परिजनों ने किया चक्काजाम; दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

नीमच। जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सालरमाला से लापता एक युवती का कंकाल गांधीसागर के जंगलों में मिला है। इस घटना के बाद शनिवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए नीमच-झालावाड़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कथित लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्री बसों सहित व्यावसायिक वाहन घंटों फंसे रहे।

**परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी**

मृतका के पिता गोपाल ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि 12 जून को उन्होंने अपनी बेटी ज्ञानीबाई को रावतभाटा स्थित उसके ससुराल भेजने के लिए बस में बैठाया था। गांधीसागर तक मोबाइल पर उनसे बात हो रही थी, लेकिन उसके बाद फोन बंद हो गया। ज्ञानीबाई के ससुराल न पहुंचने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों का दावा है कि उन्होंने शिकायत के समय ही एक संदिग्ध युवक का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारियां पुलिस को सौंप दी थीं। उनका आरोप है कि यदि पुलिस ने समय रहते संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की होती, तो शायद उनकी बेटी की जान बचाई जा सकती थी।

**ग्रामीणों ने रामपुरा थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया**

पुलिस की कथित ढिलाई से नाराज ग्रामीणों ने रामपुरा थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। इसके बाद सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें गांधीसागर के घने जंगलों से एक मानव कंकाल, कपड़े और पायल मिले। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर परिजनों ने मृतका की पहचान की। मौके पर बिगड़ते हालातों को देखते हुए मनासा एसडीओपी निकिता सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला।

## कार से 4370 प्रतिबंधित टैबलेट जब्त

# सीबीएन ने दो तस्करों को घेरकर पकड़ा, गाड़ी में तलाशी लेने पर मिली नशीली दवाएं

मंदसौर। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की मध्य प्रदेश इकाई ने मंदसौर में कार्रवाई करते हुए 4,370 प्रतिबंधित टैबलेट जब्त की हैं। इनमें 4,000 ट्रामाडोल और 370 क्लोनाजेपाम टैबलेट शामिल हैं। सीबीएन ने रविवार शाम इस कार्रवाई का खुलासा करते हुए दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

सीबीएन को गुप्त सूचना मिली थी कि मंदसौर क्षेत्र में एक कार के माध्यम से प्रतिबंधित दिमाग पर असर डालने वाली दवाओं की अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर सीबीएन की पी एंड आई सेल, मंदसौर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और संदिग्ध मार्गों पर निगरानी शुरू की गई।



पशुपतिनाथ मंदिर के पास घेराबंदी सघन निगरानी के दौरान टीम ने संदिग्ध कार की पहचान की और उसे पशुपतिनाथ मंदिर के समीप रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई। सीबीएन अधिकारियों के अनुसार, कार से 4,000 ट्रामाडोल टैबलेट (कुल वजन 4 किलोग्राम) और 370 क्लोनाजेपाम टैबलेट बरामद की गई। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। ये सभी दवाएं स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट), 1985 के तहत अधिसूचित पदार्थ हैं।

**दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

कार में सवार दोनों व्यक्तियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीबीएन ने बताया कि मामले की जांच जारी है। प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति और तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों और मनःप्रभावी औषधियों की अवैध तस्करी के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

SP Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
※ गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
※ 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
※ स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
※ किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
※ निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
※ बार बार गर्भ गिरना, गर्भाशय की सूजन, योन रोग, गर्भाशय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
※ स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
※ अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
※ परिवार नियोजन परामर्श।
※ पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। ※ जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
※ फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
※ शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी / कम्प्यूटराईज्ड लेब / ICU / ECG
एंबुलेंस / मेडिकल / जनरल वार्ड / वातानुकुलित कॉटेज
ऑपरेशन थिएटर / Digital X-ray / 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – ※ जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ ※ जनरल सर्जन विशेषज्ञ ※ हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883

NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally
Accounting Course only 45 Days
संचालक
राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़

शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
अमूल गोल्ड
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# सांसद और कलेक्टर ने किया सामूहिक योगाभ्यास-जैन संत ने कराए आसन, स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही थीम

मंदसौर। नूतन स्टेडियम में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर अदिति गर्ग सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और शहरवासियों ने एक साथ योग किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से दिए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना। इसके साथ ही आयोजन में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के योग कार्यक्रमों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

इस जिला स्तरीय आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया शामिल हुए। इनके अलावा जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और वन मंडल अधिकारी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी योगासन किए।





## जैन संत ने कराए योग आसन, लिया नियमित योग का संकल्प

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जैन संत प्रणमय सागर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अपने जीवन में नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

कलेक्टर अदिति गर्ग ने भी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास ही स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की असली कुंजी है।

## सांसद ने कहा- भूमि स्वस्थ रहेगी तो समाज भी स्वस्थ रहेगा

सांसद सुधीर गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी योग परंपरा पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है। ऋग्वेद सहित अनेक प्राचीन ग्रंथों में इसका उल्लेख है और महर्षि पतंजलि ने इसे व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 से इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है और आज दुनियाभर में करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या बना चुके हैं।

मन, आत्मा और शरीर के स्वस्थ रहने के लिए संतुलन और समन्वय आवश्यक है, जो योग के माध्यम से ही संभव है। नियमित योगाभ्यास अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है।÷ इसके अलावा, सांसद ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर भूमि स्वस्थ रहेगी तो समाज भी स्वस्थ रहेगा।

# थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय की टीम की बड़ी कार्रवाई

मंदसौर जिले की शामगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 507 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर तस्करों की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तैर सिंह बघेल तथा एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय के नेतृत्व में यह सफलता हासिल हुई। जानकारी के अनुसार 20 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर का एक कंटेनर चॉकलेट के कार्टनों के बीच भारी मात्रा में डोडाचूरा छिपाकर दिल्ली-पंजाब की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय के निर्देशन में पुलिस टीम ने उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर ढाबला गुर्जर के पास नाकाबंदी कर कंटेनर क्रमांक H R38 AB3083 को रोका। तलाशी के दौरान चॉकलेट के 185 कार्टनों के बीच छिपाए गए 25 काले कट्टों में कुल 507 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने कंटेनर चालक हरप्रीत सिंह (42) निवासी श्योपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने डोडाचूरा आगर मालवा निवासी सुजान सिंह सोंधिया उर्फ सुल्तान से लाना स्वीकार किया, जिसे प्रकरण में फरार आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने 10.15 लाख रुपये मूल्य का डोडाचूरा, 30 लाख रुपये का कंटेनर, 3.62 लाख रुपये मूल्य के चॉकलेट कार्टन एवं दो मोबाइल फोन सहित कुल 43 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8/15 एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।




SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षों से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गवर्मेंट बाँड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306